SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES-4(TERM-1)
Subject: **हिंदी**

Grade - 4

Prepared by: Vrushali kokane

LESSON-4. **कुटकुट और अनार.**

व्याकरण - शब्द और वाक्य

प्रश्न १) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक मे लिखिए।

प्रश्न २) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) दोस्ती -मित्रता

वाक्य- कुटकुट और अनार की अच्छी दोस्ती हो गई थी।

ख) अधिकार -हक़

वाक्य- हमारे जीवनपर सबसे ज्यादा अधिकार माँ का होता है।

प्रश्न ३) खाली स्थान भरिए।

१) **कुटकुट** की हँसी अनार को बहुत अच्छी लगी?

२) दोस्ती में **अहसान** नहीं होता।

प्रश्न ४) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

क) आव देखा न ताव - आवेग में आकर बिना सोचे विचारे काम करना।

वाक्य- रोहनने आव देखा न ताव तुरंत पेड़ से छलांग मार दी।

ख) बाँहों में लेना -प्यार से पकड़ना।

वाक्य- सार्थक को अच्छे मार्क्स मिले तो माँ ने उसे बाँहों में लिया।

लघु उत्तरीय प्रश्न:

1. गिलहरी माँ कुटकुट को क्या समझाती?

उत्तर. गिलहरी माँ कुटकुट को तेज़ भागने के लिए मना करती थीं।

2. कुटकुट को कौन देख रहा था?

उत्तर. कुटकुट को अनार देख रहा था।

3. अनार के पेड़ पर पत्थर कौन मार रहा था?

उत्तर. अनार के पेड़ पर पतला, दुबला-सा लड़का पत्थर मार रहा था।

4. अनार किससे अपनी रक्षा नहीं कर सका ?

उत्तर. अनार तेज़ आँधी से अपनी रक्षा नहीं कर सका।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

1. पत्थर मारने वाले लड़के का रूप-रंग कैसा था?

उत्तर-पत्थर मारने वाला लड़का पतला, दुबला था। उसके बाल बिखरे हुए थे तथा उसने एक लंबी कमीज पहनी हुई थी, जिसकी बाँह लटकी हुई थीं।

2. अनार को वह लड़का पढ़ने-लिखने वाला क्यों नहीं लगा?

उत्तर- वह लड़का पत्थर से अनार को कष्ट पहुंचाने की कोशिश कर रहा था, इसलिए अनार को वह लड़का पढ़ने-लिखने वाला नहीं लगा।

3. कुरकुट ने लड़के को पत्थर मारने से किस प्रकार रोका?

उत्तर- कुटकुट दौड़ती हुई एक डाल से दूसरी डाल होते हुए उस लड़के के ऊपर वाली डाल पर कूद पड़ी। और देखते हो देखते लड़के के चेहरे पर जा गिरी। कुटकुट के पंजों के निशान लड़के के चेहरे पर लग गए और लड़का डरकर वहाँ से भाग गया।

4. आँधी आने से कुटकुट और अनार की दोस्ती पर क्या प्रभाव पड़ा?

उत्तर- आँधी आने के कारण कुटकुट और अनार की दोस्ती गहरी हो गई। वह चोट लगे अनार को लुढ़काते हुए अपने घर ले आई और अपनी झबरेदार बालों वाली पूँछ से उसने अपने मित्र अनार पर लगी धूल साफ की।

<u>व्याकरण</u>

शब्द और वाक्य

<u>शब्द</u>

परिभाषा:- वर्णोंके के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।

अर्थ के आधार पर शब्द दो प्रकार के होते हैं -

१) सार्थक   २) निरर्थक

१) सार्थक शब्द:- जो शब्द किसी अर्थ का बोध कराते हैं, उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं। जैसे किताब, भोजन आदि ।

२) निरर्थक शब्द:- जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं होता, उन्हें निरर्थक शब्द कहते हैं। जैसे-तकीब, नजभो, ताची आदि ।

<u>वाक्य</u>

परिभाषा:- सार्थक शब्द-समूह को वाक्य कहते हैं।

वाक्य के दो अंग होते हैं।

१) उद्देश्य २) विधेय

१)उद्देश्य - जिसके बारे में कोई बात कही जाए, उसे उद्देश्य कहते है।

जैसे- हाथी गन्ना खा रहा है। इस वाक्य में हाथी उद्देश्य है।

२)विधेय - उद्देश्य के बारे में जो कुछ कहा जाए, उसे विधेय कहते है।

जैसे- हाथी गन्ना खा रहा है। इस वाक्य में गन्ना खा रहा है, विधेय है।

****